Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 19 जुलाई, 2022

गायक भूपिंदर सिंह

जाने-माने **पार्श्व गायक भूपिंदर सिंह** का **18 जुलाई, 2022 को मुंबई में निधन** हो गया। **82 वर्ष के भूपिंदर सिंह ने अपने कॅरियर की शुरुआत आकाशवाणी से की थी और वे दिल्ली दूरदर्शन से भी जुड़े रहे।** उन्होंने फिल्मों में कई गीतों को अपनी मधुर आवाज़ दी। उन्हें **"मौसम", "सत्ते पे सत्ता", "आहिस्ता आहिस्ता", "दूरियाँ", "हकीकत"** और कई अन्य फिल्मों में सुरीले गीतों के लिये याद किया जाता है। इनमें **"होके मज़बूर मुझे, उसने भुलाया होगा", "दिल ढूँढता है", "दुक्की पे दुक्की हो या सत्ते पे सत्ता,** जैसे कई गीत शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रख्यात गायक और संगीतकार भूपिंदर सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया है तथा ट्वीट कर कहा कि भूपिंदर सिंह ने दशकों तक यादगार गीतों को अपनी मधुर आवाज़ दी और उनके कार्यों ने लोगों को प्रभावित किया है।

आज़ादी की रेलगाड़ी और स्टेशन का उद्घाटन

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी ने **18 जुलाई, 2022** को **दिल्ली में आज़ादी की रेलगाड़ी और स्टेशन का उद्घाटन** किया। **स्वतंत्रता संग्राम के समय के 75 स्टेशनों और 27 रेलगाड़ियों** के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय रेलवे ने **सप्ताह भर चलने वाले समारोह का आयोजन** किया है। यह **आयोजन 23 जुलाई तक** चलेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि **आज़ादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में आज़ादी की रेलगाड़ी और स्टेशन कार्यक्रम का आयोजन** जन भागीदारी और जन आंदोलन के अंतर्गत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें अतीत के स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों और गौरव तथा भविष्य के युवा भारत की महत्त्वाकांक्षाओं को दिखाया जाएगा। इसके लिये **75 रेलवे स्टेशनों और 27 रेलगाड़ियों को चिह्नित किया** गया है। **इस दौरान 24 राज्यों के इन 75 स्टेशनों पर क्षेत्रीय भाषा में नुक्कड़ नाटक, लाईट एंड साउंड शो, वीडियो फिल्मों के प्रदर्शन के साथ-साथ देशभक्ति के गीतों का प्रसारण किया जाएगा।**

अहमदाबाद और केरल

'**टाइम मैगज़ीन**' द्वारा हाल ही में वर्ष 2022 के लिये **विश्व के 50 सर्वश्रेष्ठ स्थानों की सूची** जारी की गई। **अहमदाबाद और केरल** में **घूमने के लिये 50 असाधारण स्थानों को सूचीबद्ध** किया गया है। अहमदाबाद और केरल देश के साथ-साथ बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र हैं।**केरल अपने समुद्र तटों और बैकवाटर के लिये प्रसिद्ध** है तो दूसरी ओर **अहमदाबाद साबरमती रिवरफ्रंट और गांधी आश्रम के लिये प्रसिद्ध** है। टाइम मैगज़ीन ने दोनों गंतव्यों के लिये प्रोफाइल पेज तैयार किये हैं, जिसमें उनके महत्त्व पर प्रकाश डाला गया है।**पत्रिका ने केरल को "इकोटूरिज़्म हॉट स्पॉट"** और **अहमदाबाद को "उच्च शिक्षा के शहर"** के रूप में टैग किया है। केरल के लिये टाइम पत्रिका के प्रोफाइल के अनुसार, यह भारत के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक है। इसमें कई शानदार समुद्र तट और हरे-भरे बैकवाटर, महल एवं मंदिर हैं।**प्रोफाइल के अनुसार, अहमदाबाद भारत का पहला यूनेस्को विश्व धरोहर शहर है।** प्राचीन स्थलों के साथ-साथ यह समकालीन नवाचारों के क्षेत्र में भी अग्रणी है। यही कारण है कि **अहमदाबाद को "सांस्कृतिक पर्यटन के लिये मक्का" के रूप में जाना जाता है। शीर्ष 50 की सूची में शामिल अन्य गंतव्य हैं- सियोल, बाली में बुहान, ऑस्ट्रेलिया में ग्रेट बैरियर रीफ, आर्कटिक, दोहा, नैरोबी, सियोल, संयुक्त अरब अमीरात में रास अल खैमाह, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन, जापान में क्यूशू द्वीप, इस्तांबुल, किगाली में रवांडा** आदि।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-19-july-2022